PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Thursday 14th August 2014, Page: 11
Width: 3.81 cms, Height: 12.95 cms, a4, Ref: pmin.2014-08-14.50.70

# निशंक ने आईडीपीएल के जीर्णोद्धार की लगाई गुहार

नई दिल्ली (ब्यूरो)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने बुधवार को केंद्रीय रसायन व उर्वरक मंत्री अनंत कुमार से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से जीवन रक्षक औषधियों के निर्माण में देश को आत्मनिर्भर और आम जनता को सस्ते दामों में दवाएं उपलब्ध कराने के लिए ऋषिकेश स्थित इंडियन ड्रग्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) के जीर्णोद्धार की गुहार लगाई।

उन्होंने अनंत कुमार से कहा कि इस कंपनी की प्रमुख इकाइयां हैदराबाद और गुड़गांव में भी स्थित हैं। लेकिन दम तोड़ रही हैं और हजारों की रोजी-रोटी छिन रही है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश इकाई में बल्क ड्रग्स का उत्पादन बंद हो चुका है।